# आया हूँ श्याम तेरा नाम सुनके | By Aarti Sharma

सुनले सांवरिया सरकार दे दे तू चरणों का प्यार
तेरे दर पे खड़ा हूँ दर्शन दे दो ना एक बार
तेरे दर पे खड़ा मैं भिखारी बनके
आया आया हूँ श्याम तेरा नाम सुनके

दर पे आया पहली बार देखि भक्तों की कतार
हाथ जोड़े सब खड़े हैं तेरी हो रही जय जयकार
अब लगा दी सांवरिया मैंने अर्ज़ी तुमसे
आया आया हूँ श्याम तेरा नाम सुनके

जो भी आया तेरे द्वार उसकी किस्मत दी संवार
तुम हारे को जिताते तेरी महिमा अपरम्पार
आया बिगड़ी बनवाने तेरह सीढ़ी चढ़के
सोई किस्मत जगाने तेरह सीढ़ी चढ़के
आया आया हूँ श्याम तेरा नाम सुनके

आजा लीले पे सवार सुनके भक्तों की पुकार
तेरी बाँट देखके बाबा मेरे नैना गए हार
राज मित्तल का बेडा बाबा पार करदे
तेरे भक्तों का बेडा बाबा पार कर दे
आया आया हूँ श्याम तेरा नाम सुनके

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%82%e0%a4%81-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8/